तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025

8 सुनार समाज के आदिगुरु अजमीढ देव महाराज...




9 संघ एक वर्ष में समाज में जागृति लाने का काम...



## खबर संक्षेप

### कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** गांव सिसला में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। गांव सिसला के संदीप कुमार ने तितरम थाना पुलिस बताया कि 3 अक्टूबर को शाम को करीब 6:30 बजे जब विक्रम उसके साले बलजीत सिंह और लड़की हर्षप्रीत के साथ जा रहा था तो एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। वे तीनों घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने बलजीत सिंह को को मृत करार दे दिया। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे लाइन पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**जींद।** भठिडा रेलवे लाइन पर तीन दिन पहले मिले शव की पहचान मध्यपुरा बिहार निवासी सचिन के रूप में हुई है। मृतक मजदूरी करता था। रेलवे थाना प्रभारी चरण सिंह ने बताया कि मृतक भिवानी रोड पर किराये पर कमरा लेकर अपने दोस्तों के साथ रह रहा था। दो सितंबर देर रात को वह सामान लेने के लिए निकला था। रेलवे लाइन पार करते समय वह रेलगाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनो को सौप दिया गया है।

### मोबाइल फोन छीनने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** रेलवे थाना नरवाना ने मोबाइल छीनने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान टोहाना निवासी प्रवीण के तौर पर हुई है। मध्यप्रदेश के जिला भिंड के गांव महुना हाल गंगानगर निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि चार अक्तूबर को वह ट्रेन नंबर 20423 में सफर कर रहा था। ट्रेन नरवाना पहुंची तो अज्ञात ने उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गया। जीआरपी चौकी प्रभारी एएसआई मंजीत सिंह ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना निवासी प्रवीण को गिरफ्तार कर मोबाइल भी बरामद कर लिया है। कोर्ट ने जिला जेल भेज दिया।

### दो भाइयों पर हमला करने पर 14 पर केस

**जींद।** गांव अलेवा में रंजिशन हमला कर दो भाइयों को घायल करने पर पुलिस ने चार लोगों को नामजद कर दस अन्य पर मामला दर्ज किया है। गांव अलेवा निवासी सौरभ ने पुलिस को बताया कि उनकी गांव के विनोद व उसके साथियों से कहासुनी हो गई थी। इस पर विनोद व उसके साथियों ने उस पर उसके भाई प्रदीप पर हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोटें आई। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर विनोद, विशाल, धर्मेंद्र, विकास, को नामजद कर दस अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

राजौंद ब्लॉक व कैथल का आखिरी गांव होने का कारण सुविधाओं से वंचित

*इससे सबसे ज्यादा समस्या छात्राओं को झेलनी पड़ रही*

# राजौंद में बस न होने से स्कूली बच्चे चार किलोमीटर पैदल सफर करने को मजबूर

## गांव खुरडा में केवल मिडिल तक का ही स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

गांव खुरडा में आज भी बस सुविधा न होने के कारण छात्र-छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी जेलनी पड़ रही है। सर्दी गर्मी बरसात के मौसम में भी इन छात्र-छात्राओं को 4 किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है या फिर छात्र-छात्राओं को जिला करनाल के गांव खेड़ी सरफअली तक बस में बैठकर वहां से फिर दो किलोमीटर पैदल चलकर अपने गांव पहुंचना पड़ता है। बता दें कि गांव खुरडा में केवल मिडिल तक का ही स्कूल है इससे आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र-छात्राओं को राजौंद जाना पड़ता है। गांव से कोई भी निजी साधन व बस सुविधा न होने के कारण छात्र-छात्राओं को पैदल चलकर ही सफर तय करना पड़ता है।



**राजौंद।** गांव खुरडा की छात्राएं छुट्टी के बाद पैदल चलकर गांव पहुंचती हुई।

### ग्रामीण कई बार लगा चुके संबंधित विभाग से गुहार

ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को बस सुविधा शुरू करने की मांग की, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं की गई। कई बार मौसम में खराबी के चलते छात्र छात्राएं स्कूल भी नहीं पहुंच पाते। सबसे ज्यादा समस्या छात्राओं को झेलनी पड़ रही है। आलम यह है कि तीन-चार किलोमीटर का सफल छात्र-छात्राओं को पैदल तय करके शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है। ऐसे हालातों में शिक्षा कैसे ग्रहण की जाती है यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उधर ग्रामीण राजकुमार, सुभाष, रमेश, पूर्व सरपंच विजय कुमार, सोमपाल ने कहा कि यह राजौंद ब्लॉक व जिला कैथल का आखिरी गांव होने का कारण पूरी तरह सुविधाओं से वंचित है।

---

# अनाज मंडी पूंडरी में बड़ा हादसा टला



इस समस्या को लेकर कमेटी के बिजली के ठेकेदार को कई बार सूचित किया गया है, और अब जल्द ही मंडी क्षेत्र में सभी तारों को दोबारा ठीक करवाने का कार्य शुरू किया जाएगा।
**-वीरेंद्र सिंह, मंडी सुपरवाइजर पूंडरी।**

### पूंडरीः लटके बिजली तारों से ट्रक टकराया, पल्लेदार बाल-बाल बचे

**पूंडरी।** अनाज मंडी पूंडरी में रविवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। मंडी में लटके हुए बिजली के तारों से धान की बोरियों से लदा एक ट्रक टकरा गया, जिससे दो पोल टूटकर गिर गए। हादसे के समय मंडी में काम कर रहे प्रवासी मजदूर व पल्लेदार बाल-बाल बच गए। हालांकि, कुछ मजदूरों को मामूली चोटें आईं, लेकिन एक बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। मंडी में मौजूद आढ़तियों ने बताया कि मंडी क्षेत्र में अधिकांश बिजली की तारें नीचे लटकी हुई हैं और कई जगहों पर उनमें क्रैक व नगें जोड़ लटके हुए हैं। इस बारे में वे कई बार मार्केट कमेटी और बिजली विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आढ़ती पप्पू नैना, साहिल गर्ग, महेंद्र पाल, कुलदीप ने बताया कि मंडी में इस तरह की स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है, परंतु संबंधित विभागों की लापरवाही के चलते आज यह घटना घटित हो गई। स्थानीय व्यापारियों और पल्लेदारों ने प्रशासन से मांग की है कि मंडी क्षेत्र में जल्द से जल्द लटके हुए तारों को ऊंचा कर सुरक्षित व्यवस्था की जाए।

---

## किसी को ऑनलाइन ट्रेडिंग में फांसा तो किसी को दिया ऑनलाइन टास्क

# साइबर ठगों ने छह लोगों को निशाना बनाकर साढ़े 17 लाख रुपये हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिले में साइबर ठगों ने छह लोगों को निवेश तथा ऑनलाइन टास्क देकर उन्हें लगभग साढ़े 17 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। गांव बोहतवाला निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके फोन पर लिंक आया। जिसके क्लिक के साथ वह एक ग्रुप में जुड़ गया। जिसने ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे के बारे में बताया जा रहा था। जिसके बाद उसके पास व्हाट्सएप कॉल आई। उस व्यक्ति ने खुद को एक्सपर्ट बताया। जिसके बाद उसने निवेश कना शुरू कर दिया। गत 26 जून तक वह साढ़े तीन लाख रुपये निवेश कर चुका था। वायलेट अकाउंट मे मुनाफा भी अच्छी दिया गया। जब उसने राशि निकालने की कोशिश की तो वह निकली। जिस पर उसे और निवेश के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया। जिसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ।

ट्रेडिंग में मुनाफा दिखा साढ़े तीन लाख का चूना लगाया

साइबर थाना पुलिस ने दर्ज किए धोखाधड़ी के मामले

### ऑनलाइन टास्क देकर लगाया 3.20 लाख उड़ाए



गांधी नगर निवासी मेघना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके व्हाट्सएप पर लिंक आया हुआ था। जिसके क्लिक करने पर वह एक ग्रुप से जुड़ गई। जिसमें ऑनलाइन टास्क दिया गया। जिसमें रेटिंग देने पर मुनाफा दिखा गया था। जिसके बाद उसने ग्रुप को ज्वायन कर लिया और तीन लाख 20 हजार रुपये का निवेश भी कर लिया। उसके अकाउंट पर मुनाफा भी दिखाया गया। राशि निकालने की कोशिश करने पर वह निकली। डिमांड भी बढ़ती चली गई। जिस पर उसे ठगी के बारे मे पता चला।

### तीन लोगों के फोन हैक कर खाते से उड़ाए 6.22 लाख

नरवाना निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सात अगस्त को उसके पास बैंक के टोल फ्री नंबर से फोन आया। जिसमें बताया कि उसके खाते से 1.19 लाख रुपये निकाले गए हैं। जबकि उसने कोई ओटीपी शेयर नही किया और न ही उसने कोई लिंक शेयर किया। बावजूद इसके उसके खाते से राशि गायब हो गई। गांव बडौदा निवासी विजय के फोन को हैक कर उसके खाते से तीन लाख तथा बाबू लाल के खाते से साइबर ठगों ने दो लाख तीन हजार 453 रुपये उड़ा लिए।

### बैंक के खाते से गायब हुए 2.52 लाख रुपये

गावं रामकली निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत छह सितंबर से नौ सितंबर तक उसके बैंक से खाते से दो लाख 52 हजार 825 रुपये गायब हो गए। जबकि उसके पास राशि निकाले जाने का संदेश भी नही आया। उसने खाते से संबंधित कोई जानकारी किसी के साथ शेयर नही की। बावजूद इसके उसके खाते से राशि गायब हो गई। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि साइबर ठगी की काफी गुत्थियां सुलझाई गई हैं। लोगो को लगातार साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक किया जा रहा है। लोग साइबर ठगों के झांसें में न आएं। साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर काल कर उस पर शिकायत दर्ज कराए। जागरूक रहना ही साइबर फ्राड से बचाव है।

---

## पति-सास पर दहेज हत्या का केस दर्ज

# बीस दिन पहले की लव मैरिज फांसी पर लटका मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

विश्वकर्मा कालोनी में संदिग्ध हालात के चलते महिला ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतका ने बीस दिन पहले घर से भाग कर लव मैरिज की थी। विश्वकर्मा कालोनी निवासी नफीस की पत्नी अलीना (23) ने गत दिवस शाम को संदिग्ध हालात के चलते मकान में फांसी का फंदा लगा लिया। सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और मायका पक्ष को मौके पर बुला, शव को फंदे से उतारकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतका के पिता गांव मैजद हिसार निवासी गुलाब ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी ने बीस दिन पहले नफीस से घर से भाग कर लव मैरिज की थी। जिसके बाद नफीस तथा उसकी मां रूबी दहेज को लेकर अलीना पर दबाव बनाने लगे और मारपीट के साथ परेशान करना शुरू कर दिया। जिससे तंग आकर उसकी बेटी ने फांसी लगा कर जांन दे दी। शहर थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति नफीस तथा सास रूबी के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रिश्ते की बात चली, सिरे नहीं चढ़ी, दोनों में हुआ प्यार



आरोपित नफीस तथा मृतका अलीना की कुछ माह पहले रिश्ते की बात चली थी। कारणवश वह बात सिरे नही चढ़ी। बावजूद इसके नफीस तथा अलीना के तार आपस में जुड़ गए। आपस में फोन पर बातचीत होने लगी और प्यार परवाने चढ़ गया। लगभग बीस दिन पहले अलीना ने घर से भाग कर नफीस ने प्रेम विवाह कर लिया था। परिजनों के खिलाफ जाकर और मां-बाप को छोड़ कर अलीना ने नफीस के साथ जो सपने देखे थे। उनकी कीमत अलीना ने अपनी जान देकर चुकानी पड़ी है। शहर थाना के जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि मृतका ने लगभग बीस दिन पहले लव मैरिज की थी। शिकायत के आधार पर फिलहाल पति तथा सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया गया है।

---

अभियान से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# राजकीय महाविद्यालय में स्वयंसेवकों ने चलाया प्लास्टिक फ्री अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट्स द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में कॉलेज प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस जैसी गतिविधियां युवाओं में समाज सेवा की भावना को सशक्त करती हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। एनएसएस एक दिवसीय शिविर के संयोजक कार्यक्रम अधिकारी डा. भगवान दास और रितु के अनुसार एक शैक्षणिक सत्र में एनएसएस यूनिट द्वारा कम से कम तीन एक दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जाता है।

### एनएसएस के लक्ष्य गीत को गाया



जिससे स्वयंसेवकों में सामाजिक दायित्व की भावना का विकास होता है। कैंप के दौरान वॉलंटियर के द्वारा महाविद्यालय में प्लॉस्टिक और पॉलीथिन फ्री कैंपेन चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कैंप के दौरान स्वयंसेवको ने एनएसएस के लक्ष्य गीत को गाया और एनएसएस की ताली को बजाना सीखा। राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. भगवान दास व प्रो. रितु का विशेष सहयोग रहा।

---

राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में लिया भाग

# इंडस ग्लोबल अकेडमी की प्रतिभाशाली छात्रा नैंसी कराटे प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

खेल के क्षेत्र में एक और उपलब्धि दर्ज करते हुए इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना की प्रतिभाशाली छात्रा नैंसी ने 58वीं राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में कराटे में शानदार प्रदर्शन किया। कैथल में आयोजित इस प्रतियोगिता में नैन्सी ने अंडर 17 आयु वर्ग के 56 किलोग्राम भार वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। राज्य स्तर पर आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए खिलाडियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। ऐसे में नैन्सी का तीसरा स्थान प्राप्त करना उसकी कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है।



**मंगलकामनाएं दी**
इंडस ग्लोबल अकेडमी परिवार ने नैन्सी की इस उपलब्धि पर उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दी।

### शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी खुशी जताई

विद्यालय के हेडमास्टर जेएस सारंग ने नैन्सी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है। उन्होंने कहा कि नैन्सी ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि दृढ़ निश्चय और परिश्रम के साथ प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। डा. संजीव तायल डायरेक्टर इंडस करियर इंस्टीट्यूट ने भी नैन्सी और उनके कोच विक्की को बधाई दी और कहा कि ऐसी प्रतिभाएं आने वाले समय में देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन कर सकती हैं। उन्होंने विद्यालय के खेल विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय छात्रों को न केवल अकेडमिक उत्कृष्टता की दिशा में बल्कि खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी निरंतर अवसर प्रदान कर रहा है। नैन्सी की इस सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी खुशी व्यक्त की। सभी ने एक स्वर में कहा कि उसकी लगन और अनुशासन आने वाले समय में अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

---

## अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर मिला सम्मान

# शिक्षक राजेश वशिष्ठ इंटरनेशनल टीचर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व बच्चों के सर्वांगींण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षक राजेश वशिष्ठ को अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस राष्ट्रीय संस्था त्रेतायुग द्वारा इंटरनेशनल टीचर एक्सीलेंस अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। राजेश वशिष्ठ ने बताया की बच्चों को खेल खेल में शिक्षा विभिन्न गतिविधियों से उनका सर्वांगीण विकास करने में उन्होंने अपना सकारात्मक योगदान दिया। बच्चों को जिला स्तर , राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करवा कर अपनी मेहनत का परिचय दिया है। शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपना श्रेष्ठ देने का कार्य किया। जिसमें जल सरंक्षण, कन्या भ्रूण हत्या, पर्यावरण प्रदूषण, स्वच्छता अभियान, एड्स ,पोलियो, पोलीथिन आदि कार्यों को प्रमुखता दी। स्काउटिंग गतिविधियों से बच्चों में नेतृत्व की भावना को विकसित करने में सराहनीय प्रयास किया।

### राष्ट्रपति व राज्यपाल से भी सम्मान



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान दिल्ली व राज्य शैक्षिक अनुसन्धान गुरुग्राम में नई राष्ट्रीय शिक्षा निति के तहत प्रशिक्षण में प्रतिभागी के रूप में व मास्टर ट्रेनर के रूप में अपना सराहनीय योगदान दिया। राजेश वशिष्ठ अबतक 47 बार रक्तदान कर चुके हैं तथा दूसरों को भी इसके लिए लगातार प्रेरित करते रहे हैं। समय-समय पर हरियाणा के राज्यपाल व राष्ट्रपति के द्वारा भी सम्मान ले चुके हैं।

---

## श्रीनगर में राह ग्रुप फाउंडेशन का भव्य समारोह आयोजित

# शिक्षा, पर्यावरण व समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजेश टांक को मिला ग्लोबल रोल मॉडल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा सुधार के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने वाले शिक्षक एवं समाजसेवी राजेश टांक को ष्लोबल रोल मॉडल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्डष् से राष्ट्रीय अध्यक्ष राह ग्रुप फाउंडेशन नरेश सेलपाड़ और वाइस चेयरमैन रामनिवास वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें रविवार को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में आयोजित राह ग्रुप फाउंडेशन के भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि राजेश टांक ने शिक्षाए समाज सेवाए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अब तक 7000 से अधिक पौधे व त्रिवेणियां लगवाकर हरियाणा में हरित अभियान को नई दिशा दी है। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक रैलियों, गोष्ठियों और वृक्षारोपण अभियानों का सफल नेतृत्व किया।

## जीरो ड्रॉप आउट मिशन आज एक आदर्श पहल बन चुका



**नरवाना।** श्रीनगर में आयोजित समारोह में शिक्षक राजेश टांक को सम्मानित करते हुए राह ग्रुप के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका कार्य प्रेरक रहा है। उनके नेतृत्व में चलाया गया जीरो ड्रॉप आउट मिशन आज एक आदर्श पहल बन चुका है। इस मिशन के तहत उन्होंने ढाणी, आजाद नगर, भाट कॉलोनी, गांधी नगर, लक्ष्मी नगर जैसी बस्तियों में जाकर आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा। उनके प्रयासों से सैकड़ों बच्चों ने फिर से स्कूल का रास्ता पकड़ा है। समाज सेवा में भी वे अग्रणी हैं। जन्मदिन और विशेष अवसरों पर जरूरतमंद बच्चों में बैग, वर्दी, स्टेशनरी और फीस सहायता वितरित करना नियमित कार्य है। उन्होंने अब तक 7 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया और स्वयं 10 बार रक्तदान करके समाज में मानवता की मिसाल पेश की। नशा मुक्त अभियान में वे लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने हरियाणा सरकार की साइक्लोथॉन यात्रा में विशेष सहयोग देते हुए नरवाना व जींद में नशा जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया। राजेश टांक कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। इस उपलब्धि पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्माए खंड शिक्षा अधिकारी नरवाना राजेंद्र आजादए प्राचार्य बलजीत गोयत, प्राचार्य रविंद्र मित्तलए डॉ भूप सिंह, किताब सिंह मोर सहित शिक्षाविदों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

---

# सुखचैन सिंह को मिला ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड

**जींद।** गत पांच अक्टूबर विश्व अध्यापक दिवस के अवसर पर जिले के मास्टर सुखचैन सिंह को ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड से श्रीनगर में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र, सामाजिक कार्यों, रक्तदान व स्काउटिंग की गतिविधियों में सराहनीय कार्य के लिए प्रदान किया गया।

इन्हें इससे पहले भी भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी द्वारा राष्ट्रपति भवन दिल्ली में व हरियाणा के राजभवन में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी व पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा के हाथों सम्मानित किया जा चुका है तथा इसके अलावा भी इन्हें जींद प्रशासन व अनेक जानी मानी संस्थाओं के द्वारा श्रेष्ठ अध्यापक, स्टार अध्यापक और राष्ट्रीय स्तर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पौधारोपण व उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए सम्मानित किया जा चुका है।

# श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराये में पंडित केदारनाथ शर्मा संस्कृत भवन एआई की रखी आधारशिला

## ज्ञान गंगा केंद्र से अधिक से अधिक बच्चों को जोड़ने की कवायद : कार्तिकेय शर्मा

- आधुनिकता के इस दौर में हमें भी तकनीक के साथ मिल कर चलना है : पंडित विनोद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद






जींद। एआई कमरे की आधारशीला कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा। व कार्यक्रम में स्मृति चिन्ह देते हुए आयोजक।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को गांव रामराये स्थित श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराये में पहुंचे। यहां उन्होंने पंडित केदारनाथ शर्मा संस्कृत भवन (एआई) की आधारशीला रखी। सबसे पहले पिता व पुत्र ने भगवान परशुराम की विधि विधान से अराधना की और कार्यक्रम में मौजूद लोगों से उनका हालचाल पूछा। वहीं महाविद्यालय में पहुंचने पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने भी गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया और फूल मालाओं व सम्मान स्वरूप पगड़ी पहनाई। हालांकि कार्यक्रम में कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा को भी पहुंचना था लेकिन किसी कारण वो नही आ सकी। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अनुसार यह शिलान्यास समारोह शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में यह आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। आयोजन में गांव के सरपंच गंगा प्रसाद, धर्मवीर पिंडारा, फूलकुमार शास्त्री, नरेंद्र नाथ शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, विरेंद्र पिंडारा सुरेंद्र गौतम, मनोज शर्मा एडवोकेट, कमल गौतम, गौरव शर्मा, कमल कुमार शर्मा, अशुतोष शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजेश शर्मा, जितेंद्र कौशिक, जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर सरपंच द्वारा गांव में रास्ता पक्का करवाने, चबूतरे पर दो कमरों व बरामदों का निर्माण करवाने व तीर्थ की सफाई व विकास को लेकर मांग पत्र भी सौंपा। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि आज आधुनिकता के इस युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसके फायदे और नुकसान भी बहुत जल्द देखने को मिलेंगे। किसी भी चीज का फायदा और नुकसान दोनों होते हैं लेकिन आप इस से दूर रह कर इस दुनिया में जी नही सकते हैं।

### बच्चे नई तकनीक के साथ पढ़ाई कर सकेंगे

गांव रामराये स्थित श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय रामराये में पंडित केदारनाथ शर्मा संस्कृत भवन (एआई) का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यह अत्याधुनिक भवन ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को पढाई के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस भवन में बच्चे नई तकनीक के साथ पढ़ाई कर सकेंगे। पूर्व मंत्री विनोद शर्मा, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भवन की आधारशीला उद्घाटन के बाद महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया ओर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### जुलाना की अनाजमंडी में बढ़ी धान की आवक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की अनाजमंडी में धान की आवक ने तेजी पकड़ ली है। आने वाले दिनों में धान की आवक और अधिक तेजी से होगी। मंडी में किसान नमीयुक्त धान ला रहे हैं, जिससे उन्हें धान बेचने में काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि मंडी में अपनी फसल को सुखाकर लाएं ताकि मंडी में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए कोई परेशानी ना हो। मंडी में बाजरा का भाव 1821 से 2200 प्रति क्विंटल तक रहा। मंडी में 311 क्विंटल बाजरा की आवक हुई। जबकि अब तक कुल 2827 क्विंटल बाजरा मंडी में पहुंच चुका है।

### सेव ने शहर में चलाया स्वच्छता अभियान



**जींद।** सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने देवीलाल चौक से हांसी रोड रेलवे फाटक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए गए 438वां अभियान संस्था के वरिष्ठ साथी बलबीर इगराह रिटायर्ड इंस्पेक्टर बीएसएफ की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को आह्वान किया कि स्वच्छता के महत्व को हर किसी ने समझना चाहिए। हम सभी ने स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए।

### सबसे बड़ा धर्म दूसरों के जीवन में मुस्कान लाना

**कैथल।** महंत धीरज पुरी ने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म दूसरों के जीवन में मुस्कान लाना है। वे वरिष्ठ समाजसेवी जोगध्यान बंसल के कार्यालय में एक धार्मिक चर्चा कर रहे थे। उन्होने कहा कि ईश्वर ने हमें इस संसार में इसलिए नहीं भेजा कि हम केवल अपने सुख में खोए रहें, बल्कि इसलिए कि हम दूसरो के जीवन में भी प्रकाश फैला सके। महंत धीरज पुरी ने कहा कि जब हम किसी के दुख में साथ खड़े होते हैं, किसी की पीड़ा कम करते हैं, तो वही सच्ची उपासना कहलाती है। जो व्यक्ति दूसरों को प्रसन्न देखकर आनंदित होता है, उसके जीवन में कभी अंधेरा नहीं रहता। उन्होंने एक सुंदर दोहा सुनाते हुए कहा कि जाके हृदय दया नहीं, ताका सब कुछ व्यर्थ, मनुष्यता का सार है, करुणा प्रेम और अर्थ। मनुष्य का हृदय तभी पवित्र बनता है जब उसमें सेवा,

### धान कटाई के लिए ढूंढे नहीं मिल रहे मजदूर

**राजौंद।** क्षेत्र में धान की कटाई का कार्य आए दिन जोर पकड़ रहा है। किसान अपनी फसल को सहेजने में लगे हुए हैं। जिसके चलते किसान दिनरात एक कर अपनी फसल को काटने व उठाने में लगे हैं। अभी तक धान की कुछ किस्में ही पककर तैयार हुई है। उसके बावजूद भी अधिकतर किसान मजदूरों के साथ-साथ स्वयं भी अपनी फसल की कटाई में जुटे हुए हैं। वहीं धान की फसल की कटाई को लेकर बिहारी मजदूरों की भी टोलियां जगह-जगह नजर आने लगी हैं। बता दे कि इस मौसम में

### सितंबर माह में पुलिस रही अपराधियों पर भारी

**कैथल।** पुलिस द्वारा जिला में अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के अतिरिक्त नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम तथा साइबर अपराध से अवगत करवाने के लिए जागरूक करने सहित अपराधियों के खिलाफ उच्च मनोबल के साथ कर्तव्य पालन करते हुए माह सितंबर के दौरान उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 81 मामलों में 106 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस ने बताया कि सितंबर में संपती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 35 मामलों में 43 काबू करके उनके कब्जे से 22 लाख 24 हजार की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है।

## त्योहारों को लेकर बाजार ग्राहकों से गुलजार

# करवा चौथ पूजन मुहूर्त सुबह 5:16 से शाम 6:29 बजे तक : शास्त्री

### अक्टूबर माह में दीपावली पर्व और इससे पहले करवा चौथ व्रत, धनतेरस व छोटी दीपावली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। रविवार को छुट्टी के बाद खुले बाजार में खरीददारी के लिए पहुंचे लोग। व जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री।

अक्टूबर माह में दीपावली पर्व है। इससे पहले करवा चौथ व्रत, धनतेरस, छोटी दीपावली का पर्व आता है। ऐसे में नवरात्र पर्व के बाद अब बाजार में त्योहारी सीजन की शुरूआत हो चुकी है। इस समय बाजार में करवा चौथ पर्व की खरीददारी को लेकर महिलाओं की विशेष भीड़ उमड़ रही है। दुकानदारों द्वारा भी अलग-अलग वैरायटी के लहंगा, सूट, साड़ी सहित अन्य कई तरह की चीजें महिलाओं को उपलब्ध करवाई जा रही है। दुकानों पर रंग-बिरंगी चूडियां की भरमार है। मेहंदी लगाने से लेकर साड़ी, चूड़ी, कॉस्मेटिक आइटम और ज्यूलरी की दुकानों पर अच्छी खासी खरीददारी करती दिखाई देती हैं। कारोबारियों के अनुसार सामान्य से अब बजार मे 40 प्रतिशत बिक्री बढ़ गई है। बाजार में कपड़े की दुकानों पर भी एक से बढ़ कर डिजायनदार सूटों, लहंगा, चुन्नी तथा साडिय़ों की वैरायटी उपलब्ध है। साथ ही मिठाई तथा ड्राई फ्रूट की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। 10 अक्टूबर करवा चौथ से होगी दीपावली पर्व त्योहारों की शुरूआत हिंदू पंचांग के अनुसार दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इससे पहले करवा चौथ का व्रत आ रहा है। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार करवा चौथ का व्रत इस बार 10 अक्टूबर को रखा जाएगा। कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि नौ अक्टूबर की रात 10:54 बजे से शुरू होगी और 10 अक्टूबर की शाम 7:38 बजे समापन होगा। करवा चौथ की पूजा करने का शुभ समय सुबह 5:16 बजे से शाम 6:29 बजे तक रहने वाला है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से पति को लंबी आयु का वरदान प्राप्त होता है और वैवाहिक जीवन सदैव खुशहाल रहता है।

विधि-विधान से करें करवा चौथ व्रत, सरगी की परंपरा का करें पालन करवा चौथ व्रत का आरंभ सूर्योदय से पहले सरगी खाने से होता है। इसे सास अपनी बहू के लिए तैयार करती है। इसमें फल, मेवे, मिठाई और पराठें शामिल होते हैं। जिससे पूरे दिन निर्जला व्रत रखने की शक्ति मिलती है। सरगी के बाद पूरे दिन निर्जला उपवास रखा जाता है और रात को चंद्रोदय के बाद महिलाएं करवे (मिट्टी के पात्र) से जल अर्पित कर व्रत खोलती हैं। करवा चौथ के दिन सुबह ही स्नान कर लेना चाहिए। इसके बाद साफ वस्त्रों को धारण करें। अब पूजा करने के लिए सभी सामग्रियों को एकत्रित कर लें। इसके बाद महिलाएं मुहूर्त के अनुसार पूजा स्थान पर अपना स्थान लें और करवा माता की कथा सुनें। कथा के बाद सभी बड़ों का आशीर्वाद लें।

### दो हजार से दस हजार तक के सूट बाजार में : दीपक

हरी एम्पोरियम के मालिक दीपक सैनी ने बताया कि बाजार में करवा चौथ को लेकर दो हजार से लेकर दस हजार तक सूट उपलब्ध हैं और पचास हजार रुपये तक के लहंगे भी हैं। सूटों की भी अच्छी वेरायटी उपलब्ध है। जिनकी रेंज 500 से लेकर पांच हजार तक है। कपडा कारोबारियों का कहना है कि अबकी बार अच्छा कारोबार की संभावना है। कारोबार मे इजाफा भी हुआ है। इस बार बाजार में सामान्य से 30 से 40 प्रतिशत काम अधिक देखने को मिल रहा है। त्यौहारों के सीजन के साथ

### बाजार में अच्छी भीड़ उमड़ने लगी

*त्योहारी सीजन को लेकर इस समय बाजार ग्राहकों से गुलजार हैं। इस समय बाजार में अच्छी भीड़ उमडने लगी है। तांगा चौक, पंजाबी बाजार, गांधी गली, मेन बाजार, पालिका बाजार, बैंक रोड, कपड़ा मार्केट में लोग खरीदारी के लिए पहुंचने शुरू हो जाते हैं। गोहाना रोड, रानी तालाब, मुख्य बाजार, सफीदों रोड, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, पटियाला चौंक हर जगह अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है। मुख्य बाजार में दुकानदारों ने किया है सबसे ज्यादा अतिक्रमण शहर के मुख्य बाजार में तो अतिक्रमण करने वालों ने हद कर दी है। बाजार में दुकानदारों ने अपने सामान को डिस्पले करने के लिए एक से दो फुट तक अतिक्रमण कर लिया है। शहर थाना के सामने, टाउन हाल की तरफ, तांगा चौक की तरफ व बाजार के अंदर हर जगह अतिक्रमण फैला है। जिस कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।*




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

# राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण को जाएंगे

- जींद जिले से पांच विद्यार्थी नवंबर माह में जाएंगे कपूरथला

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| जींद

जिले के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी पुष्पा गुजराल साइंस सिटी कपूरथला का शैक्षणिक भ्रमण के लिए जाएंगे। यह शैक्षणिक भ्रमण नवंबर माह में आयोजित किया जाएगा। जिसमें राजकीय विद्यालय के जिले से पांच विद्यार्थी हिस्स लेंगे। विज्ञान में हो रहे नवाचार से विद्यार्थियों को रूबरू करवाने के लिए हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से हर वर्ष राजकीय विद्यालयों में पढने वाले मेधावी विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है। इस वर्ष नवंबर में प्रदेश के 11 जिलों के विद्यार्थी साइंस के मेधावी विद्यार्थियों को पुष्पा गुजराल साइंस सिटी कपूरथला का भ्रमण करवाया जाएगा। पुष्पा गुजराल साइंस सिटी के प्रमुख आकर्षणों में अंतरिक्ष थिएटर, लेजर थिएटर, थ्रीडी थिएटर, फ्लाइट सिम्युलेटर और विज्ञान संबंधी उपकरण शामिल हैं। वहीं यहां के प्रमुख आकर्षणों में एक 18 फीट ऊंचा डायनासोर और एक जीएसएलवी प्रक्षेपास्त्र का माडल भी शामिल है।

### 11 जिलों से पांच-पांच छात्र जाएंगे भ्रमण पर

हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश के 11 जिलों से पांच-पांच मेधावी साइंस के विद्यार्थी शामिल होंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कार्यक्रम में वे ही विद्यार्थी भाग लेंगे। जिनके दसवीं कक्षा में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हैं और जिनके पास 11वीं व 12वीं कक्षा में साइंस विषय हैं।

# सुनार समाज के आदिगुरु अजमीढ देव महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई

*यज्ञ में आहूति डाल विश्व कल्याण की करी कामना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। स्मृति चिन्ह देते हुए।

मैढ सुनार सभा द्वारा रविवार को स्थानीय सैक्टर छह में स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदिगुरू अजमीढ देव महाराज की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें सैंकडों लोगों ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न जिलों से पहुंचे पंच, सरपंच, पार्षदों को भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में महाराज अजमीढ़ देव के निर्माणाधीन मंदिर मे हवन यज्ञ करके समाज मे शांति व भाईचारे बनाये रखने की भगवान से प्रार्थना की और भण्डारे का भी आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि एवं समाजसेवी सुमेर चन्द वर्मा ने समाज के उत्थान के लिए समाज मे फैली बुराइयों पर अंकुश लगाने व बच्चों, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि जिस समाज की युवा पीढ़ी शिक्षित होगी, उस समाज में बुराइयां अपने आप समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने सुनार समाज के आदिगुरू अजमीढ देव महाराज की स्वर्णकला का उल्लेख करते हुए स्वर्णकार व्यापार के साथ-साथ हस्तकला को महत्व देने पर जोर दिया और महाराज अजमीढ़ देव के मन्दिर व धर्मशाला के निर्माण के लिए मैढ सुनार सभा की प्रंशसा की।

### एक ईंट एक रुपये के नियम को अपनाने की अपील

अजमीढ़ देव मन्दिर व धर्मशाला निर्माण हेतू सुनार समाज के लोगों को भी एक ईंट एक रुपये के नियम को अपनाने की अपील की चाहे व्यक्ति अपनी हैसियत अनुसार ईंट सोने, चांदी या मिट्टी की ही दे। उन्होंने धर्मशाला प्रांगाण में उच्च शिक्षा के लिए लाब्रेरी उपलब्ध करवाने का आह्वान किया। सुमेर चन्द वर्मा तथा राजेश श्रीनिवास वर्मा उर्फ भोला ने महाराज अजमीढ भवन एव सुनार धर्मशाला जींद के निर्मित हाल का संपूर्ण खर्च अपनी नेक कमाई से देने की भी घोषना की। समारोह मे उपस्थित पुरूष व महिलाओं को सभा के महासचिव राममेहर वर्मा ने कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम तथा नशे की रोकथाम के लिए नशा न करने की शपथ दिलाई।

# बचपन और भविष्य की रक्षा के लिए सार्वजनिक शिक्षा को बचाना जरूरी

*कर्मचारी भवन, रोहतक में राज्य स्तरीय कंवेंशन आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



बैठक में भाग लेते शिक्षक नेता

अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने आम आदमी को शिक्षा से दूर करने के लिए लगातार स्कूल बंद/मर्ज़र करना, शिक्षा अधिकार क़ानून होते हुए भी फीसें लागू करना, अमीर-ग़रीब के बीच पैसों की खाई के आधार पर आरक्षण के विरोध में अलग-अलग स्कूल खोलना, पद कटौती, खाली पद, पाठ्यक्रम का साम्प्रदायिकीकरण पर गहरी चिंता व्यक्त की।

साथ ही भावी आंदोलन की रूपरेखा तय करने हेतु कर्मचारी भवन, रोहतक में राज्य स्तरीय कंवेंशन आयोजित की। इसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान प्रभु सिंह ने व संचालन महासचिव रामपाल शर्मा ने किया। कंवेंशन से लौटने पर राज्य प्रधान प्रभु सिंह,महासचिव रामपाल शर्मा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा, जिला सचिव अमरनाथ किठानिया, ब्लॉक प्रधान/सचिव कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, राजकुमार कश्यप विक्रम कौल,जयभगवान शास्त्री, सुशील ढुल व लछमन शास्त्री ने बताया कि राज्य स्तरीय कंवेंशन में "अध्यापक आंदोलन का परिप्रेक्ष्य" विषय पर पूर्व प्रधान सत्यपाल सिवाच ने शिक्षा के महत्व, इसके सार्वभौमिकरण की ज़रूरत, समान/कॉमन स्कूलों के देश के लोकतंत्र व भाईचारे को बचाने में महत्व पर विस्तृत चर्चा रखी।



### ...आईएमटी का विरोध, जमीन नहीं देने का ऐलान

**अलेवा।** आईएमटी के विरोध में रविवार को नगूरां गांव के भूटटेश्वर मंदिर में जमीन बचाओ संघर्ष समिति के 12 गांवों के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान धर्मपाल खटकड़ ने की। इस दौरान बैठक में सभी को एकजुट रहने की अपील की और किसी भी कीमत पर जमीन न देने की बात दोहराई। जिसमें सभी ने सहमति जताई। रोहतास मांडी ने कहा कि एग्रीगेटर ने जो गलती की है वो माफी लायक नहीं है, इसलिए उस पर हर हाल में मुकदमा दर्ज होना चाहिए। काफी देर विचार-विमर्श के बाद आगामी निर्णयों का फैसला कार्डिनेटरों पर छोड़ दिया गया। कार्डिनेटर रविंद्र हसनपुर ने सुझाव दिया की सरकार एक कदम पीछे हटी है, इसलिए किसान भी एक कदम पीछे हटने को तैयार हैं। इसलिए थाने के घेराव का फैंसला दिवाली तक स्थगित किया गया है, हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया की एग्रीगेटर के खिलाफ कार्रवाई बनती है उससे सजा हर हाल में मिलनी चाहिए। जिसके लिए जिला प्रशासन को थोड़ी मोहल्लत ओर देते हैं। कार्डिनेटर सुशील नरवाल ने कहा कि सरकार ने अपनी गलती स्वीकारी है और इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि सरकार दोबारा नए सिरे से नई प्लानिंग कर के किसानों की जमीन हथियाने का प्रयास करेगी। हमें सरकार की किसी भी बात पर भरोसा नहीं है, क्योंकि सरकार एक बार पहले भी 35 हजार एकड़ में से 30 हजार एकड़ पर सहमति का दावा कर चुकी है जो पूरी तरह खोखला ओर झूठा था। इस अवसर पर सुदेश नगूरां, राजेश, सोनू, राकेश, रमेश, राजाराम, करतार गोहियां, सत्ता, दलीप अलेवा, जसमत, राकेश, चांद, दीपक, सुभाष के अलावा काफी संख्या में कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

**यात्री ध्यान दें** जींद-कुरुक्षेत्र रूट पर चलने वाली दो ट्रेनों के समय में बदलाव

# उदयपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन शुरू होने से यात्रियों को राहत

### जींद से कुरुक्षेत्र सुबह चार बजकर दस मिनट पर चलने वाली ट्रेन आज से पांच बजकर 25 मिनट पर चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




उदयपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू होने से रेलवे की ओर से जींद-कुरुक्षेत्र रूट पर चलने वाली दो ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। जींद से कुरुक्षेत्र अल सुबह चार बजकर दस मिनट पर चलने वाली ट्रेन नंबर 54038 छह अक्टूबर से सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर जींद जंक्शन से रवाना होगी। जो बरसोला, उचाना, घसो, नरवाना, गुरथली, कलायत, सुजूमा, कुबतपुर, कैथल, ग्योंग, टीक, पिहोवा, पिंडारसी व थानेसर के रास्ते सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर कुरुक्षेत्र जंक्शन पर पहुंचेगी। वहीं वापसी में ट्रेन नंबर 54037 कुरुक्षेत्र से अब नौ बजकर 20 मिनट पर चलेगी। जो दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर जींद जंक्शन पहुंचेगी। वहीं पहले ट्रेन नंबर 54038 जींद से सुबह चार बजकर दस मिनट पर चलकर तीन घंटे के बाद सात बजकर 20 मिनट पर कुरुक्षेत्र पहुंचती थी। वहीं वापसी में पहले ट्रेन पौने आठ बजे कुरुक्षेत्र से चलकर 11 बज कर 20 मिनट पर जींद पहुंचती थी। इस प्रकार इन ट्रेनों के समय में लगभग एक घंटा का बदलाव किया गया है। अब जींद-कुरुक्षेत्र रूट पर यह ट्रेन पहले की अपेक्षा एक घंटा देरी से रवाना होगी तो एक घंटा लेट भी पहुंचेगी। जींद-कुरुक्षेत्र रूट पर इन ट्रेनों के समय में बदलाव का कारण उदयपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन के चलते किया गया है। जींद से कुरुक्षेत्र रूट पर हर रोज काफी संख्या में यात्री सफर करते हैं। विद्यार्थी साप्ताहिक अवकाश पर कुरुक्षेत्र से जींद या जींद से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर जाते हैं। ट्रेन के समय में बदलाव होने पर अल सुबह जाने वाले यात्रियों को राहत मिली है। पहले जब ट्रेन सुबह चार बजकर दस मिनट पर जींद से कुरुक्षेत्र के लिए चलती थी तो अल सुबह ज्यादातर यात्रियों को ट्रेन पकडऩे के लिए परिजनों के साथ निजी वाहन जैसे बाइकए स्कूटी या कार में आना पड़ता था। कई यात्री ऐसे थे, जो आटो या ई रिक्शा में आते थे तो या तो उन्हें आटो या ई रिक्शा नहीं मिल पाती थी या फिर आटो या ई रिक्शा स्पेशल लेकर आना पड़ता था।

### छह अक्टूबर से हुआ है बदलाव

रेलवे जंक्शन यातायात निरीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि उदयपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू होने के कारण जींद-कुरुक्षेत्र रूट पर ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। ट्रेन के समय में बदलाव होने से अब यात्री को घर से ज्यादा जल्दी ट्रेन पकडऩे के लिए नहीं चलना पड़ेगा। जींद से कुरुक्षेत्र रूट पर चलने वाली ट्रेन नंबर 54037-38 के समय में बदलाव हुआ है। अब सुबह चार बजकर दस मिनट पर चलने वाली ट्रेन जींद से सुबह पांच बज कर 25 मिनट पर रवाना होगी। वापसी में भी ट्रेन एक घंटा लेट चलेगी।

## खबर संक्षेप

### हजारों के बिजली तार चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। माजरा रोहेड़ा के गुरदीप सिंह ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 अक्टूबर को मनदीप नामक युवक उसकी ब्लॉक की फैक्ट्री से बिजली के तार चुरा कर ले गया। चुराए गए तार की कीमत करीब 8000 बताई गई है। सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव फिरोजपुर में मारपीट में एक घायल

**कैथल।** गांव फिरोजपुर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। फिरोजपुर के प्रेमचंद ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 सितंबर को सायं करीब 6:00 बजे गांव के ही बलजीत, प्रदीप, गौरव राणा तथा सतीश ने मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक राजेश ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### दयालु योजना के तहत दी जाती आर्थिक सहायता

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है।योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख से लेकर पांच लाख तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत मृतक व्यक्ति की 6 से 60 वर्ष तक होनी चाहिए।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित एक आरोपी पकड़ा

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट ने थाना सदर क्षेत्र से एक आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल व 2 कारतूस बरामद हुए। एएसआई तरसेम कुमार की टीम शाम के समय गश्त दौरान गांव खुराना क्षेत्र में मौजूद थी। एस वाई एल नहर के पास जसवंती-बलवंती की तरफ जाने वाले रास्ते पर स्विफ्ट कार में युवक दोस्तों का इंतजार कर रहा है। जो देशी पिस्टल लिए है। पुलिस ने दबिश देकर क्योड़क निवासी रजत उर्फ रज्जी को काबू किया।

### तार चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** ब्लॉक फैक्ट्री से तार चोरी कर रहे मामले में राजौंद पुलिस के पी एस आई सुनील कुमार की टीम ने आरोपी जींद के गांव गोहिया निवासी मनदीप को गिरफ्तार किया है। माजरा रोहेड़ा निवासी गुरदीप की शिकायत अनुसार 4 अक्टूबर को माजरा रोहेड़ा रोड पर स्थित ब्लॉक फैक्टरी में मोटर की तार चोरी करके भाग रहे आरोपी मंदीप उपरोक्त को उनके द्वारा बाइक सहित काबू किया गया।

### ककराला में ड्रेन से युवक का शव बरामद

**कैथल।** कैथल जिले के गांव ककराला में करीब 21 वर्षीय युवक का शव ड्रेन में पाया गया। युवक दो दिन पहले पशुओं को चराने के लिए बाहर गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने गांव के ही किसी व्यक्ति पर हत्या कर शव को ड्रेन में फेंकने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सीवन थाना में युवक की गुमशुदगी का का केस दर्ज करवाया गया था, लेकिन अब युवक का शव ड्रेन में पाया गया।

### हमें आध्यात्मिकता के मार्ग को अपनाना होगा

**राजौंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजौंद शाखा द्वारा ज्ञान गंगा प्रवाह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असंध से आई ऊषा व नीलम बहन ने कहा कि आज दिनों दिन दुख परेशानी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारे दुखों को दूर करने का एक ही माध्यम अब हमारे सामने है और वह है हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध। जब हमारा आंतरिक संबंध परमात्मा के साथ होगा तो हम किसी भी परिस्थिति में नही घबराएंगे। लेकिन संतुलन के साथ उसका निराकरण कर लेंगे।

# हादसों का खतरा, पार्षदों और स्थानीय लोगों ने जताई चिंता, पराली के बंडलों को लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहन जान पर भारी

**ट्रैक्टर से बंडल गिरने से पीछे चल रहे दो-तीन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से बचे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीवन

नगर और आसपास के मार्गों पर पराली के बंडल लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहन आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। ये वाहन न केवल निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बोझ लेकर चलते हैं बल्कि उनकी चौड़ाई भी सामान्य वाहनों से अधिक होती है। ऊपर रखे पराली के बंडल कई बार ठीक से बंधे नहीं होते, जिसके कारण चलते समय सड़क पर गिरते रहते हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। पिछले दिनों नगर से बाहर ऐसे ही एक ट्रैक्टर से पराली के बंडल गिरने के कारण पीछे चल रहे दो-तीन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से बचे। पीछे आ रहे मोटरसाइकिल सवार भी बड़ी मुश्किल से बाल-बाल बच पाए।

> यदि समय रहते लगाम नहीं लगाई गई तो कभी हो सकता है बड़ा हादसा

## ट्रैक्टर चालक पूरी तरह से यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे

### नियमों का उल्लंघन और प्रशासन की चुप्पी

इस मामले पर वार्ड पार्षद विकास शर्मा, रामदास, मनीष कामरा मोंटी, श्रीराम और समाजसेवी संदीप सैनी, रोहताश सिसोदिया, बंटी सैनी, सुरेंदर, सुरेश, बलराज, रामपाल, सन्नी, विजय, ने संयुक्त रूप से कहा कि ये ट्रैक्टर चालक पूरी तरह से यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। ओवरलोड होने के कारण इनके पीछे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। ये चालक न तो किसी वाहन को ओवरटेक करने देते हैं और न ही नियमों का पालन करते हैं। अधिकांश ट्रैक्टर कृषि उपयोग के नाम पर पंजीकृत होते हैं और कर में छूट का लाभ लेते हैं, लेकिन वास्तव में इनका इस्तेमाल व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा है। पार्षदों और नगर के लोगों ने कहा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना और अधिक बढ़ रही है।



**सीवन।** सीवन में मेन रोड पर निकल रहे ओवर लोड वाहन। *फोटो: हरिभूमि*

### लापरवाही के कारण रिफ्लेक्टर टूट गए

पार्षदों ने यह भी बताया कि हाल ही में नगर में डिवाइडरों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए थे, लेकिन ओवरलोड वाहनों की चौड़ाई और लापरवाही के कारण अधिकांश रिफ्लेक्टर टूट गए हैं। इसी प्रकार पहले डिवाइडरों पर पोल लगाकर लाइट भी लगाई गई थीं, लेकिन चौड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के टकराने से वे भी क्षतिग्रस्त हो गईं। वर्तमान में नगर के डिवाइडरों पर एक भी लाइट कार्यरत नहीं है क्योंकि सभी टूट चुकी हैं।

### ट्रैक्टरों के व्यावसायिक उपयोग की जांच की जाए

जनप्रतिनिधियों और नगर के लोगों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर तुरंत रोक लगाई जाए। कृषि उपयोग के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के व्यावसायिक उपयोग की जांच की जाए। यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नगर की सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुँचाने वालों से क्षतिपूर्ति वसूली जाए। स्थानीय लोगों की यह भी मांग है कि इन ओवरलोड ट्रॉलियों का नगर से निकलने का समय तय किया जाए। ये वाहन केवल रात में ही चलें और दिन में इनके चलने पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस समस्या पर लगाम नहीं लगाई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

# एक वर्ष में समाज में जागृति लाने का काम करेगा संघ

**मॉडल टाउन व रजनी कॉलोनी में पथ संचलन किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल



कैथल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज शिवाजी उपनगर कैथल द्वारा मॉडल टाउन के लाला लाजपत राय पार्क में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया सबसे पहले कार्यक्रम में शस्त्र पूजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में संघ के वरिष्ठ प्रचारक दीपक जो इस समय हिंदू जागरण मंच के प्रदेश संगठक भी हैं, ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संघ अपने गौरवशाली इतिहास के साथ 100 वर्ष पूर्ण कर शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर गया है। यह स्वयंसेवकों के लिए गर्व का विषय है संघ का उद्देश्य हमेशा समाज को एकजुट करना व राष्ट्र के निर्माण में योगदान करना है। संघ की 100 वर्ष की यात्रा मैं अनेक बाधाएं आई लेकिन संघ ने जो लक्ष्य तय किए थे उन्हें ध्यान में रखते हुए लाखों स्वयंसेवकों के बलिदान के साथ व हजारों प्रचारकों की जीवन तपस्या के साथ निरंतर लक्ष्य को पाने में लगा हुआ है। संघ का मुख्य कार्य है स्वयं सेवक तैयार करना जो स्वयं की प्रेरणा से राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दे सके और संघ ऐसे लोगों को तैयार करके समाज को समर्पित करना ताकि वे अपने जीवन व समाज में बदलाव ला सकें। संघ अपने पंच परिवर्तन कार्यक्रम के माध्यम से आने वाले 1 वर्ष में समाज में जागृति लाने का काम करेगा जिसमें स्व का बोध अपना व्यवहार वेशभूषा, स्वदेशी अपनाना ,दूसरा नागरिक कर्तव्य कि हमारे समाज व देश के प्रति क्या कर्तव्य हैं हमें नियमों का पालन करते हुए कैसे देश में रहना चाहिए। तीसरा परिवार प्रबोधन भौतिकवादी युग में आधुनिकता के चलते परिवारों का आपस में तालमेल कम हो पाता है। परिवारों में बैठकर इस विषय को ध्यान में लाना की परिवार से जुड़े रहना एक दूसरे के लिए कितना जरूरी है।

### स्वयंसेवकों ने किया कदमताल

चौथा पर्यावरण सुरक्षा स्वयंसेवकों के माध्यम से लोगों को जागृत करना कि हमारे आसपास के पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती व पांचवा सबसे जरूरी सामाजिक समरसता आज के समय में सामाजिक समरसता एक बहुत बड़ा विषय है जिसे समाज के बीच में समसेवकों के माध्यम से रखा जाएगा कि हम समाज में एकजुटता व भाईचारे के साथ रहे। इसमें बस्ती व मंडल स्तर पर विजयदशमी के कार्यक्रम,गृह संपर्क,प्रमुख नागरिकों के द्वारा गोष्ठी करना, बस्ती व मंडल स्तर पर हिंदू सम्मेलन, समाज सद्भावना की बैठकें, युवाओं में जागृति लाने के लिए युवा सम्मेलन व सातवां अधिकतम स्थान पर संघ की शाखाओं को बढ़ाना है। स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो गीत गुनगुनाते हुए मॉडल टाउन व रजनी कॉलोनी में पथ संचलन किया।

### यह रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र जिंदल सह प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख , मुकेश जिला कार्यवाह, जिला प्रचारक अंकित, सह नगर संघ चालक डॉ राजेंद्र ठकराल, सुशील नगर कार्यवाह ,सह नगर कार्यवाह मोहन गोयल ,सह नगर कार्यवाह नरेश,नगर संपर्क प्रमुख राकेश, व्यवस्था प्रमुख सतीश आदि उपस्थित रहे ।

# सभी स्वदेशी को बढ़ावा दें: गुर्जर

- सनसिटी कैथल में योग साधकों को बांटे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल



**कैथल।** वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर कैथल के सनसिटी पार्क में योग साधकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि हमें स्वदेशी को बढ़ावा देना चाहिए। अशोक गुर्जर रविवार को सनसिटी कैथल के पार्क में 15 दिवसीय सह शिक्षक योग प्रशिक्षक शिविर के समापन अवसर पर योग साधकों को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उनके यहां पहुंचने पर महिला पतंजलि योग समिति की राज्य प्रभारी अमर राविश, सुबे सिंह राविश, अनिल राणा, रमेश कुमार, सुनीता रानी ने स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक गुर्जर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आयोजित हवन में आहुति भी डाली तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले योग शिक्षकों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

### 15 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक गुर्जर ने कहा कि आज वक्त आ गया है कि हमें स्वदेशी को अपनाना होगा। स्वदेशी को अपना कर जहां हम करोड़ों रुपए अपने देश में रख सकते हैं तो वहीं इन पैसों से हमारे उद्योग धंधे भी बढ़ेंगे जिसका रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित राष्ट्र का सपना सभी को मिलकर पूरा करना होगा।

### एक लाख 73 हजार 751 मीट्रिक टन धान की खरीद

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि गत दिवस तक जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक लाख 73 हजार 751 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। गत दिवस तक अरनौली मंडी 1172 मीट्रिक टन, भागल मंडी 456 एमटी, ढांड मंडी में 24 हजार 228 मीट्रिक टन, धनौरी में 375 एमटी, गुहला चीका में 53 हजार 414 एमटी, पुरानी अनाज मंडी कैथल में 2346 एमटी, नई अनाज मंडी कैथल में 28 हजार 826 एमटी, अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 17 हजार 579 एमटी, कलायत मंडी में 1546 एमटी, कौल में 2446 एमटी, पाई मंडी में 3774 एमटी, पूंडरी में 25 हजार 415 एमटी, राजौंद में 1669 एमटी, रामथली 4505 एमटी, सीवन 4990 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई।

# विशेष अभियान में 102 वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

- गलत लेन व नशा करके वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई

पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा के आदेशानुसार एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 28 सितंबर से 5 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रेफिक एस एच ओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार बताया कि अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 60, ध्वनि प्रदूषण करने के 6, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 19 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 17 वाहन चालकों के चालान काटे गए।



**कैथल।** गलत लेन में चलने वाले वाहन चालकों का चालान करते पुलिस कर्मचारी।

# पूंडरीक 5100 दीयों से होगा रोशन

- अयोध्या की तर्ज पर मनाया जाएगा दीपोत्सव :सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पूंडरी

पूंडरी में दीपावली पर्व के अवसर पर ऐतिहासिक पूंडरीक तीर्थ इस बार जगमग रोशनी से जगमगाएगा। हलका विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में यहां 5100 दीयों से दीपोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए विधायक ने मीटिंग कर विशेष कमेटी का गठन किया है और भव्य तैयारियों के निर्देश दिए हैं।विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि पूंडरीक तीर्थ का संबंध महाभारत काल से है और इसका वर्णन प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। लंबे समय से उपेक्षित इस तीर्थ स्थल पर अब सौंदर्यकरण और जीर्णोद्धार कार्य चल रहे हैं, जिनके लिए करोड़ों रुपये की राशि मंजूर की गई है। दीपावली पर तीर्थ पर अयोध्या की तर्ज पर दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें 5100 दीयों से रोशनी की जाएगी। विधायक ने इसके लिए अपने निजी कोष से 5 लाख रुपये और समाजसेवी विजय कंसल ने एक लाख रुपये तीर्थ के सौंदर्यकरण हेतु दिए हैं। जांबा ने पूंडरी वासियों से इस ऐतिहासिक पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।



**पूंडरी।** दीपावली पर्व को मनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग करते हुए विधायक जांबा। *फोटो: हरिभूमि*

### बैठक में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, विजय कंसल, पार्षद ईसम सिंह, माया राम, अश्वनी शर्मा, सुनील मित्तल, कृष्ण गोयल, अशवनी खुराना, राघव आचार्य, बलजीत कैनवाल, भीम कैनवाल, सुशील गोलन, धर्मेंद्र गखड़ तथा निजी सचिव डॉ. बलविंदर मैहला भी उपस्थित रहे।

# श्री खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा को श्रीराम परिवार की प्रतिमा और प्रसाद देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ढांड

श्री खाटू श्याम परिवार ट्रस्ट कौल के तत्वावधान में गांव कौल स्थित कपिल मुनि तीर्थ प्रांगण में श्री खाटू श्याम जी का 18वां विशाल जागरण महोत्सव व भंडारा धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के प्रधान मास्टर रामशरण शर्मा तथा सभी ट्रस्ट सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गायक राजफूल कुचरानिया जींद ने गणेश स्तुति कर अपनी प्रस्तुति का प्रारम्भ किया। इसके बाद बाबा श्याम के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में भव्य से भव्य झांकियां निकाली गईं, जिनमें हनुमान जी की झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल



**ढांड।** हलका पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### अपनी सेवाएं लगाईं

श्री खाटू श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से व्यक्तियों व संस्थाओं को श्याम बाबा का प्रसाद एवं श्रीराम परिवार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। बाबा के दरबार में प्रधान रामशरण शर्मा, सचिव अशोक कुमार दीक्षित, अभिषेक शर्मा, अमित भारद्वाज, रमेश कुमार गर्ग, प्रवीण कुमार वर्मा, अनंत राम वर्मा, राममेहर राठौर, विकास, ललित मोहन वर्मा, हैप्पी सागवाल, कृष्ण सागवाल, कुलदीप उर्फ काला, शक्ति सागवाल, बाबू वर्मा, विक्की शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सच्चे मन से अपनी सेवा लगाई।

### कौल में लगातार 18 वर्षों से आयोजित हो रहा जागरण

प्रधान रामशरण शर्मा ने कहा कि श्याम बाबा की कृपा से यह वार्षिक जागरण गांव कौल में लगातार 18 वर्षों से सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। हमारा उद्देश्य केवल भक्ति भाव को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि गांव-गांव श्याम नाम का जयकारा पहुँचाना भी है।

### पूंडरी विधायक पहुंचे

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा पहुँचे। विधायक ने श्याम बाबा के चरणों में नमन कर अपनी हाजिरी लगाई तथा करीब दो घंटे तक भजनों का रसपान करते हुए श्रद्धालुओं संग भक्ति में डूबे रहे।

# पंजाबी सेवा सदन ने बांटा राशन



**कैथल।** पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। एक बार फिर प्रधान चुने जाने पर परुथी ने सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए सहयोग की अपील की व आगे प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्टूबर माह की राशन सेवा संस्था के सम्मानित सदस्य जयंत मनचंदा ने दी।उन्होंने बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही देश हित में व प्रशासन के सहयोग के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है।पंजाब में आई बाढ़ राहत के लिए भी पंजाबी सेवा सदन ने सहायता राशि देने दी थी।सदन परिसर में बने कंप्यूटर केंद्र का नया सत्र जल्द ही शुरू होगा। कंप्यूटर केंद्र में सभी कोर्स मुफ्त करवाए जाते हैं। पंजाबी सेवा सदन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए व बड़े हाल के बाहर सीलन से बचाने के लिए एसीपी शीट लगवाने का कार्य पूरा हो चुका है साथ ही खूबसूरत लाइटें भी लगवाई गई हैं।

**दौरा** | स्वतंत्रता संग्राम, लोकतांत्रिक परंपराओं और वीरों के बलिदानों के बारे में जानकारी ली

# जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम के विद्यार्थियों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण

- कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक : प्रधानाचार्य उमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

पीएम श्री योजना के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम की कक्षा 11वीं के 52 छात्र-छात्राओं ने नई दिल्ली के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारत के गौरवशाली इतिहास, नेतृत्व और राष्ट्रीय धरोहर से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक आर पी सिंह, जोगेन्द्र सिंह, विकास यादव, उमा भारद्वाज और पिंकी रानी उपस्थित रहे, जिन्होंने पूरे भ्रमण के दौरान सभी का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं ने नई दिल्ली के प्रमुख ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व के स्थलों जैसे लाल किला, राजघाट, इंडिया गेट का भ्रमण किया।



**कैथल।** विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करते जेएनवी तितरम के विद्यार्थी।

### नई दिशा मिलेगी

विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार ने बताया कि इस प्रकार के एक्सपोजर विज़िट कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा देने के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय चेतना, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना से भी जोड़ते हैं।

### अनुभव बताया

कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं ने इस भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव बताया। ऐसे शैक्षिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं में देशभक्ति, जिम्मेदारी और जागरूक नागरिकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यात्रा ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम, लोकतांत्रिक परंपराओं और वीरों के बलिदानों के बारे में जानकारी मिली।

## खबर संक्षेप

### वाल्मीकि जयंती आज मनाई जाएगी श्रद्धा से

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि छह अक्टूबर को रामराय गेट स्थित वाल्मीकि चौक पर जिला स्तरीय वाल्मीकि जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय वाल्मीकि जयंती कार्यक्रम का आयोजन सायं पांच बजे होगा। वाल्मीकि जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है।

### मकान का टूटा ताला नगदी व जेवर चोरी

जींद। गांव रधाना में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर जेवरात तथा 15 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। गांव रधाना निवासी रामरूप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर 15 हजार रुपये की नगदी, सौ ग्राम चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सदर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

### दंपति से मारपीट करने पर पांच लोग नामजद

जींद। सदर थाना इलाका गांव में दंपत्ति के साथ मारपीट करने तथा महिला से बदसलूकी करने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सदर थाना इलाका गांव के व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि गत दिवस गांव के ही रामकुमार परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जब उसकी पत्नी बचाने पहुंची तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और गलत तरीके से छुआ। सदर थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर नरेश देवी, रवि, जगदीप, रामफूल, दीपक के खिलाफ मामला किया है।

### महिला अपने समाज करें का नेतृत्व

जींद। ब्लॉक समिति चेयरपर्सन मोनिका गांगोली ने अपने जन्मदिन पर महिलाओं को आत्मनिर्भर और नेतृत्व करने के बताया। उन्होंने बताया कि महिलाएं जैसे अपने परिवार में सब का ख्याल रखते हुए सब जरूरतें पूरी करती हैं। उसी प्रकार एक महिला अपने समाज का नेतृत्व करें। इस कार्य में भाजपा की केंद्र राज्य सरकार भी पूरा सहयोग कर रही हैं। भाजपा सरकार लोकसभा 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया। भाजपा सरकार ने हरियाणा पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया जिस की बदौलत आज मुझे अपने खंड पिल्लूखेड़ा समिति का नेतृत्व करने का मौका मिला।

### रक्तदान करने से आयरन का संतुलन बना रहता

जींद। युवा विकास समिति जींद के द्वारा गांव शामलो कलां के स्टेडियम में रविवार को स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि गांव शामलो कला के स्टेडियम में टिंकू नंबरदार की याद में यह रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर अंकित नंबरदार ने युवाओं की हौंसलाअफजाही की और कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। इसलिए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए।

---

## बांगर के दनौदा से पैदल यात्रा पर निकले बृजेंद्र सिंह

# समाज के भाईचारा को तोड़ना चाहती है भाजपा: बृजेंद्र सिंह

> भाजपा ने लोगों के जोड़ने की बात कभी नहीं की हमेशा से ही तोड़ने की बातें करते

न्यूज ▶▶| उचाना



दनौदा के ऐतिहासिक चबूतरे पर सदभाव यात्रा कार्यक्रम में उमड़ी भीड़।

बांगर के दनौदा गांव के ऐतिहासिक चबूतरे से प्रदेश में सदभाव का संदेश देने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेद्र सिंह पैदल यात्रा पर निकले। इस दौरान पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार फूट डालो और राज करो की नीति अपना रही है।

अगर कोई सरकार की नीतियों पर सवाल उठाता है, तो उसे देशद्रोही करार दिया जाता है। किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान किसानों को देशद्रोही और विद्रोही जैसे शब्दों से संबोधित किया गया। भाजपा ने लोगों के जोड़ने की बात कभी नहीं की हमेशा से ही तोडऩे की बातें करते है। इनका मकसद सिर्फ एक है कि एक विशेष वर्ग को आगे और बाकियों को उनके खिलाफ भड़काने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

भाजपा का मकसद साफ है कि वह लोगों के बीच में इतनी बड़ी खाई बना रहे हैं कि उसमें लोगों का आपस में जुडऩा मुश्किल हो जाए। इनको सिर्फ वोट चाहिए बाकी सभी लोगों से इनका कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कभी भी एक विशेष वर्ग को ना लेकर चलने पर बल्कि पूरे समाज को एक साथ चलने की कोशिश की है। किसी विशेष समाज को नहीं सर्वजातीय को साथ लेकर चलना है। राहुल गांधी में कहा था कि मैं विचारधारा की लड़ाई लड़ रहा हूं जब राहुल गांधी की यात्रा निकाली गई तब कहा गया कि हम देश और प्रदेश को जोडऩे के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। जो इस यात्रा में शामिल होगा उन सभी का स्वागत है और जो इस यात्रा में शामिल नहीं होगा उन लोगों अपनी मर्जी होगी।

### भाजपा सरकार में नौकरी एक बड़ा झूठ : आदित्य

कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि पहले लोगों को जलन होती थी कि छोटा सा हरियाणा कैसे इतनी तरक्की कर गया। मगर, 11 साल में भाजपा सरकार ने दिखा दिया कि भाजपा के हाथों में ही मुमकिन है कि कैसे सबसे बढ़िया और विकासशील प्रदेश को भी तोड़ा जा सकता है। भाजपा सरकार में नौकरी एक बहुत बड़ा झूठ है। यह हमारा हरियाणा है, जहां हमारे किसान को एमएसपी की गारंटी के नाम पर कुछ नहीं मिलता। 2389 रुपए एमएसपी पर धान लेने की बात कही गई है, लेकिन मंडियों में 1800-1900 में खरीदा जा रहा है, तो कहां का एमएसपी।

### यात्रा से टूटेगा भाजपा का घमंड

चूरू सांसद राहुल कास्वां ने कहा कि यात्रा को 7 महीने का समय तो लगेगा, लेकिन भाजपा का घमंड टूट जाएगा। अगर किसान आंदोलन में आवाज उठी थी तो हरियाणा और पंजाब से उठी थी। धीरे-धीरे पूरे हिंदुस्तान में गई। भाजपा ने हमेशा दो चीजों का सहारा लिया, पहला धर्म, जहां धर्म का सहारा नहीं चला, वहां जातियों का सहारा लिया। हमेशा से तोडने का प्रयास रहा। जो सद्भाव यात्रा इस हलके से शुरू हुई, वह भारत में अपनी पहचान बनाएगी। इस मौके पर बिनैन खाप रघुबीर नैन, ईश्वर नैन, विजय कौशिक, सज्जन सिंह, देवव्रत ढांडा, सतबीर दबलैन, गायत्री यादव, हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र गर्ग, उदयवीर पूनिया, राममेहर दनौदा, सुधीर चौधरी, अनूप श्योकंद, लाजवंति ढिल्लो, विजेंद्र डूमरखा, राजेंद्र चहल, प्रदीप मोर, मंजीत, नसीब, मा. अमित पालवागुरनाम पालवां, विनोद श्योकंद, राममेहर श्योकंद, सुरेंद्र उचाना खुर्द, प्रतीक श्योकंद, निर्भय डूमरखा, पूर्व सरपंच बलवान, बलजीत, आशीष नैन, सोनू नैन, विकास सफा खेड़ी मौजूद रहे।

### आज यहां पहुंचेगी यात्रा

यात्रा को लेकर लोगों में जोश दिखाई दिया। दोपहर को तापमान अधिक होने के बाद भी भारी संख्या में विशेषकर युवा पैदल यात्रा में शामिल हुए। कई जगहों पर जाम की स्थिति भी बनी। भीड़ को देखकर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह गदगद नजर आए। छह अक्टूबर को यात्रा बेलरखा से शुरू होकर उझाना, नेपेवाला, धनौरी, और कोयल पहुंचेगी। 7 अक्टूबर को यह यात्रा कलायत में होगी। आने वाले सवा महीने में यात्रा 14 हलकों से होकर गुजरेगी। यात्रा का दूसरा चरण नांगल चौधरी से शुरू होगा और लगभग 7 महीने तक चलेगा। प्रत्येक हलके में यात्रा दो दिन रहेगी, जबकि बड़े शहरी क्षेत्रों में कुछ दिन अधिक लग सकते हैं।

## सद्भाव यात्रा 3600 किलोमीटर का सफर करेगी तय



दनौदा से शुरू हुई सद्भाव यात्रा की अगुवाई कर रहे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

जींद/नरवाना। नरवाना के गांव दनौदा के बिनैण खाप चबुतरे से पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह व पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में रविवार को कांग्रेस की सद्भाव यात्रा का शुभारंभ किया। सद्भाव यात्रा रविवार से शुरू होकर 3600 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा के शुभारंभ पर लोकसभा चुरू राजस्थान से सांसद राहुल कस्वां व कैथल से विधायक आदित्य सुरजेवाला भी पहुंचे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष व प्रतिपक्ष नेता भूपेंद्र हुड्डा यात्रा में नही आए। सिरसा लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा व राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला भी यात्रा में शामिल नही हुए। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने बताया कि आने वाले सवा महीने में यह यात्रा हरियाणा के 14 विधानसभा हलकों से होकर गुजरेगी। यात्रा का दूसरा चरण नांगल चौधरी से शुरू होगा और लगभग सात महीने तक चलेगा। प्रत्येक हलके में यात्रा का दो दिन का कार्यक्रम है जबकि कई बड़े शहरों में कुछ दिन अधिक भी हो सकते हैं।

### बीजेपी लोगों मे आपसी भेदभाव पैदा कर चमका रही है राजनीति

पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल विशेषकर बीजेपी लोगों मे आपसी भेदभाव पैदा करके अपनी राजनीति को चमकाने के चक्कर में है। राजनीति के कारण भाईचारे में दरार नहीं आनी चाहिए। इस यात्रा में प्रदेश में वर्तमान में मुद्दों को उठाया जाएगा। जैसे बेरोजगारीए किसानों के मुद्देए कानून व्यवस्था और वोट चोरी आदिए इसके अलावा स्थानीय मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित रहेगा। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि हरियाणा में युवा रोजगार न मिलने के कारण विदेश की ओर जा रहे हैं। पूर्व आईएएस अधिकारी रह चुके बृजेन्द्र ने कहा कि यह यात्रा हरियाणा के किसानोंए नौजवानों और समाज के हर वर्ग को जोडने का प्रयास है।

### कांग्रेस तोड़ने वालों का भी होगा विरोध : बीरेंद्र सिंह

यात्रा शुरू होने से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने कहा कि जो लोग कांग्रेस को तोडने की बात कर रहे हैं, उनका भी विरोध किया जाएगा। बीजेपी को किसान विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को चार-चार साल के लिए सेना में भेज कर सेना को समाप्त करना चाहते हैं। बीजेपी सरकार किसी भी गरीब वर्ग को आगे बढने नहीं देती। जबकि कांग्रेस भाईचारे की प्रतीक है।

---

# परमार्थ ही ईश्वर भक्ति : रणवीर सिंह

- मोतीलाल स्कूल में शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर समाजसेवी अमेरिका से पधारे रणवीर सिंह लोहान ने कहा कि पुरुषार्थ ही परमार्थ है और परमार्थ ही ईश्वर भक्ति है। रणवीर सिंह स्थानीय मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल जींद में केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जितना संभव हो सके, मनुष्य को पुरुषार्थ करना चाहिए। परिषद के जिला अध्यक्ष कृष्ण दहिया ने उनके परिचय में बताया कि अमेरिका में रहने वाले 67 परिवारों में आपत्ती आने पर या उनकी मृत्यु हो जाने पर उनका अंतिम संस्कार के लिए उनकी डेड बॉडी भारत देश में लाने के लिए पूरजोर लगाकर परिवार जनों को सौंपने का कार्य किया। जिनकी डेड बॉडी 80 प्रतिशत विक्षिप्त हो गई थी, उनके अंतिम संस्कार अमेरिका में ही अपने खर्चे पर करवाने का भी कार्य किया। भारत के उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल के लगभग 500 परिवार जो कोरोना कल के दौरान बीमार हो गए थे, उनके उपचार में भी लोहान ने उनकी सहायता की।

### शिक्षक देश के निर्माता


कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर पहुंचे डिप्टी स्पीकर हरियाणा विधानसभा के प्रतिनिधि राजन चिल्लाना ने कहा कि वास्तव में शिक्षक ही देश को विकासशील बन सकता है। केंद्रीय आर्य युवक परिषद जिन श्रेष्ठ शिक्षकों को सम्मानित कर रही है वे बधाई के पात्र हैं। निरंतर इसी तरह से आर्य समाज समय-समय पर देश में उन्नति के कार्य कर रहा है और पाखंड से देश को बचाने का प्रयास कर रहा है। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रिय उपाध्यक्ष ईश कुमार आर्य ने बताया कि केंद्रीय आर्य युवक परिषद पूरे भारत में निरंतर चरित्र निर्माण शिविर तथा योग शिविर के माध्यम से युवक तथा युवतियों को संस्कारित बना रहे हैं।

# हिमांशु ने योगासन प्रतियोगिता में जीता सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डिवाइन योग केंद्र संचालक अंतर्राष्ट्रीय योग स्वर्ण पदक विजेता योग गुरु जोरा सिंह आर्य ने बताया कि छठी योगासन प्रतियोगिता 28 सितंबर से एक अक्टूबर तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में हुई थी। जिसमें पूरे देश से लगभग 800 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

यह प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर सी वर्ग की थी। जिसमें हरियाणा की टीम से हिमांशु ने जूनियर आयु वर्ग में भाग लिया तथा आर्टिस्टिक ग्रुप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हिमांशु पिछले कई वर्षों से डिवाइन योग सेंटर पर लगातार योगाभ्यास कर रहा है तथा राज्य स्तर पर कई बार स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका है।



हिमांशु का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### हिमांशु ने बढ़ाया हरियाणा का मान

इस बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर उसने अपनी मेहनत और लगन का परचम राष्ट्रीय स्तर पर लहराया है। डायरेक्टर योगी परमवीर सिंह ने डिवाइन योगा सेंटर पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी हिमांशु और हरियाणा टीम के कोच रोहित को फूल मलाऐं पहना कर तथा मिठाई खिला कर उनका स्वागत किया और बधाई दी। यह प्रतियोगिता योगासन भारत के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। हिमांशु जींद के बिरौली गांव के एक किसान परिवार से संबंध रखता है तथा इसके पिता एक छोटे से किसान हैं। इतनी कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन करके हिमांशु ने एक मिसाल कायम की है।

---

## स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत संकल्प विषय पर एनएसएस शिविर का आयोजन





राजकीय महाविद्यालय अलेवा में एनएसएस शिविर में भाग लेती छात्राएं।

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रविवार को स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत संकल्प विषय पर एक दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुनीता ने की तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने किया। शिविर का शुभारंभ स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस गीत के साथ किया। इसके उपरांत छात्रों ने स्वच्छता के महत्व को दर्शाते हुए स्लोगन राइटिंग की। जिसके बाद उन्होंने स्वयं कालेज परिसर में सफाई का कार्य कर के श्रमदान किया। कार्यक्र म अधिकारी डा. मनोज ने बताया कि स्वच्छता के संदेश को समुदाय तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने कालेज से अलेवा गांव के बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली। रैली का समापन अलेवा गांव के बस स्टैंड पर हुआ। जहां स्वयंसेवकों ने सफाई की। उन्होंने कहा कि इसके बाद कालेज परिसर में छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# जुलाना में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

- सोनीपत के सांसद समेत कांग्रेस विधायकों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के आरोग्यम हॉस्पिटल ने रविवार को अपना 4वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 800 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनीपत से कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम में मौजूद सांसद और विधायक। फोटो : हरिभूमि

### स्वस्थ समाज ही विकास का आधार

सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य जागरूकता ही सबसे बड़ी आवश्यकता है। क्योंकि स्वस्थ समाज ही विकास का आधार बन सकता है। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ‌ योगेश नांदल ने बताया कि आरोग्यम हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस स्थापना दिवस पर आयोजित शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने लोगों के ब्लड प्रेशरए शुगरए ईसीजीए आंखों और दांतों की जांच के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों के लिए परामर्श भी दिया। इस मौके पर बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवालए महम से विधायक बलराम दांगीख नारनौंद से विधायक जस्सी पेटवाड़, डा. हर्षिता अहलावत आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### देश में श्रम कानूनों को कमजोर किया जा रहा

जींद। मजदूर भवन में रविवार को मजदूर एकता और संघर्ष को लेकर 11वां जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत सीटू का लाल ध्वज फहराकर की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता रमेश चंद्र, सतबीर खरल और नीलम ने संयुक्त रूप से की। सीटू के राज्य महासचिव जयभगवान ने कहा कि आज देश में श्रम कानूनों को कमजोर किया जा रहा है। स्थायी रोजगार समाप्त कर ठेकाप्रथा और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान सरकार पूंजीवादी और सांप्रदायिक ताकतों के गठजोड़ से मजदूर वर्ग को जाति, धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश कर रही है। कपूर सिंह ने संगठन की तीन वर्षों की गतिविधियों और रिपोर्ट प्रस्तुत की। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में संजीव ढांडा, मंदीप नेहरा और रामबीर शर्मा भी शामिल हुए और उन्होंने मजदूर कर्मचारी एकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया और सीटू के संघर्षों को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। इसी क्रम में जनवादी महिला समिति की जिला कोषाध्यक्ष नूतन प्रकाश व सपाल ने सम्मेलन में एकजुटता का संदेश दिया।

---

## मनुष्य निर्माण का स्थान, जो जोश 1925 में था आज भी वही

# 100 वर्ष की यात्रा में संघ की सबसे बड़ी उपलब्धि है शाखा

- विजयदशमी उत्सव के दौरान स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन व पथ संचलन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शस्त्र पूजा करते हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह रोशन लाल ने कहा कि आज संघ 100 वर्ष का हो गया है और संघ की नींव है शाखा। संघ पिछले 100 वर्षों से शाखा लगा रहा है। स्वयंसेवकों का शाखा लगाने का जो जोश 1925 में था वही आज है। यह निरंतर है, अखंड है, अनवरत है, अत्यंत सहज एवं सरल है। बस प्रतिदिन एक घंटा देश के नाम। क्षेत्र कार्यवाह रोशन लाल रविवार को गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित विजयदशमी उत्सव के दौरान स्वयंसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने शिरकत की। इस अवसर पर जींद जिला संघचालक तिलकराज भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### कार्यक्रम के आरंभ में स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया, इसके बाद शहर में पथ संचलन निकाला

रोशन लाल ने कहा कि संघ की इस 100 वर्ष की यात्रा में संघ की सबसे बड़ी उपलब्धि है शाखा। शाखा अर्थात मनुष्य निर्माण का स्थान, प्रोडक्शन हाउस। संघ यही काम करता है, यही करेगा। शाखाओं का विस्तार, गुणवत्ता यही उद्देश्य है। शाखा में भारत को मां मानने वालेए भारत मां में श्रद्धा रखने वालेए भारतीय दर्शन के अनुसार आचरण व्यवहार करने वाले ऐसे स्वयंसेवकों का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि आप 40 बाई 60 फीट का प्लाट आप उपलब्ध कराएं, हम शाखा लगाएंगे। शाखा में निर्मित व्यक्ति आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए अपनी शक्ति, योग्यता के आधार पर समाज परिवर्तन में अपना योगदान दे रहे हैं। यह उनकी साख है। रोशन लाल ने कहा कि विजयदशमी उत्सव दैवीय शक्तियों का आसुरी शक्तियों परए न्याय का अन्याय पर विजय स्वरूप मनाये जाने वाला उत्सव है। त्रेता युग में भगवान श्रीराम ने रावण जैसे महापराक्रमी को परास्त कर धर्म राज्य की स्थापना की थी। संघ वर्षभर में कुल छह उत्सव मनाता है। उनमें से विजयदशमी उत्सव भी एक है। क्योंकि विजयदशमी संघ स्थापना का दिवस भी है। 1925 से 1940 की पहली पीढ़ी ने सारे देश में संघ का बीजारोपण किया। विचार, कार्य पद्धति, प्रशिक्षण, कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया चली। 1940 से 1975 में दूसरी पीढ़ी ने पूरे राष्ट्र में संघ के विस्तार के लिए प्रयत्न तेज किए।

# अध्यापकों को शिक्षण की तकनीक बताई

- सुप्रीम स्कूल में अध्यापकों के लिए दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन

सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय वर्कशॉप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने की।

कार्यशाला का संचालन ट्रेनर एवं रिसोर्स पर्सन निहारिका वाइस प्रिंसिपल दालमवाला स्कूल तथा विकास पीजीटी अर्थशास्त्रद्ध द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वर्कशॉप का मुख्य विषय सामाजिक अध्ययन रहा।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### सामाजिक अध्ययन में शिक्षक प्रशिक्षण

कार्यशाला समाजशास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र और नागरिक शास्त्र जैसे विभिन्न विषयों को शामिल करते हुए सामाजिक अध्ययन के क्षेत्र में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई। निहारिका ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों, पाठ योजनाओं और सामग्री से परिचित कराना है ताकि वे छात्रों के लिए आकर्षक और प्रभावी कक्षाएं तैयार कर सकें। कार्यशाला के माध्यम से सामाजिक विज्ञान के महत्व और हमारे समाज को समझने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों का गहन अध्ययन, शिक्षकों के लिए नवीन शिक्षण रणनीतियों पर प्रशिक्षण, छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान को रुचिकर बनाने के तरीकों पर चर्चा, शिक्षकों के बीच अनुभव सांझा करने और नेटवर्किंग का अवसर आदि कार्यशाला के मुख्य आकर्षण बिंदु रहे।